लखनऊ विश्विद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025 - 26 के पंजीकरण(LURN) एवं स्नातक पाठ्यक्रमों (UG PROGAMMES) के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म (Online Admission Application Form) का प्रारम्भ दिनांक 17 अप्रैल को कर दिया गया है| लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध/ सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है वे निम्न प्रक्रिया के अनुसार अपना पंजीकरण(LURN) करा लें| पंजीकरण शुल्क पूर्व की भांति रुपये 100/- है |

1. लखनऊ विश्विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाएं |

2. वेबसाइट के POP UP अथवा Admission पेज के दिए हुए लिंक LURNS पर क्लिक करें https://lkounivadm.samarth.edu.in

3. रजिस्ट्रेशन के पेज पर दाहिने अंकित New Registration पर क्लिक करके अपना login ID बनाएं | बनाए गए login ID को नोट करके रखें | इसके लिए अभ्यर्थी अपना एक वैध email ID पहले से अनिवार्य रूप से बना कर रखें क्योंकि OTP उसी ईमेल पर भेजा जाएगा जिसको दर्ज करके ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी |

4. रजिस्ट्रेशन अर्थात लॉगिन ID बनाने के बाद दोबारा उसी पेज के दाहिने अंकित Login पर क्लिक करके अपना पूर्ण विवरण (नाम , पिता का नाम , माता का नाम इत्यादि सूचनाएं) अंकित करके अपनी PROFILE पूर्ण करें |

5. PROFILE पूर्ण करने के उपरांत Rs 100/- का भुगतान दिए हुए payment gateway के माध्यम से करें | भुगतान के प्रक्रिया पूर्ण होते ही अभ्यर्थी का पंजीकरण(LURN) generate हो जाएगा | जिसे अभ्यर्थी नोट कर लें |

6. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण(LURN) का प्रिंट Print Form पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते है |

7. लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध/ सहयुक्त महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण(LURN) अनिवार्य है | अतः अभ्यर्थी इसका प्रिंट अवश्य रखें |